# बच्चों का गीत

रजत अब इधर आ। बस आ गई। बस पर चढ़। अब उतर।
घर चल। सड़क पर एक तरफ चल।



लाल गाजर लाल टमाटर
सफेद मूली हरा मटर
काला अंगूर पीला अमरुद
खाओ सलाद पियो दूध



मछली जल की है रानी
जीवन उसका है पानी।

चुहिया कुट कुट करती है।
आवाज हो तो रुकती है।





बड़े सवेरे जगा किसान
चला खेत में करने काम
पैदा करता वह अनाज
मजे में खाते लोग तमाम।

रिमझिम रिमझिम बारिश आई।
कितना सारा जल भर आई।




सूरज चमका चम चम चम चम
धूप चमकती तम तम तम तम
भालू नाचा छम छम छम छम
डमरू बजता डम डम डम डम

चली चली रे मेरी नैया
नाचती ताता थैया।
नहीं पकड़ना इसको सैया
मेरी लाड़ली कागज नैया।

जंगल में जब नाचे मोर
होता नहीं जरा भी शोर
मोर नाचे तो किसने देखा
हमने देखा तुमने देखा।





गमगम महके हमारा बाग
लगे हैं इसमें सौ गुलाब!
पेड़ पौधों से हरा भरा
कौन है भला इसका पहरा !!